JALAUN POLICE

दिनांक- 13.06.2026

कोतवाली जालौन पुलिस व स्वाट/सर्विलांस की संयुक्त टीम द्वारा चेकिंग के दौरान वाहन चोरी की घटना को अंजाम देने वाले हिस्ट्रीशीटर व 25,000/- रुपये के इनामिया अपराधी को पुलिस मुठभेड़ के दौरान चोरी की मोटरसाइकिल व अवैध तमन्चा के साथ गिरफ्तार किया गया।

अवगत कराना है कि दिनांक 02.06.2026 को कोतवाली जालौन में वादी संकल्प सिंह द्वारा तहरीरी सूचना दी गयी कि अज्ञात चोर द्वारा वादी की मोटरसाइकल को चोरी कर लिया है। जिसके संबन्ध में कोतवाली जालौन में मु0अ0सं0 113/2026 धारा 303(2) बीएनएस बनाम अज्ञात के विरूद्ध पंजीकृत हुआ था।

अपर पुलिस महानिदेशक महोदया, कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस महानिरीक्षक महोदय, झांसी परिक्षेत्र, झांसी के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक जालौन के पर्यवेक्षण तथा अपर पुलिस अधीक्षक जालौन के नेतृत्व में वांछित अपराधियों की धरपकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत दिनांक 13.06.2026 को कोतवाली जालौन पुलिस व स्वाट/सर्विलांस की संयुक्त टीम द्वारा ग्राम लौना संपर्क मार्ग पर चेकिंग के दौरान शातिर अभियुक्त द्वारा पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायर किया गया, जिसमें पुलिस टीम बाल-बाल बची तथा आत्मरक्षार्थ पुलिस टीम द्वारा जवाबी एवं नियंत्रित फ़ायरिंग की गई। जिसमें अभियुक्त के पैर में गोली लगने से घायल हो गया तथा अभियुक्त छोटेलाल उर्फ लादेन के पास से चोरी की मोटरसाइकिल व 01 अदद अवैध तमन्चा मय ज़िंदा व खोखा कारतूस बरामद कर गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में कोतवाली जालौन पर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

घायल अभियुक्त छोटेलाल उर्फ लादेन उपरोक्त को तत्काल उपचार हेतु अस्पताल भिजवाया गया है।

अभियुक्त का विवरण-

1. छोटेलाल उर्फ लादेन पुत्र कमलेश उम्र 34 वर्ष निवासी ग्राम व थाना चुर्खी जनपद जालौन।

अभियुक्त छोटेलाल उपरोक्त का आपराधिक इतिहास-

1. मु0अ0सं0 123/2026 धारा 109 (पुलिस मुठभेड)/317(2) बीएनएस व 3/25 आर्म्स एक्ट कोतवाली जालौन जनपद जालौन
2. मु0अ0सं0 113/2026 धारा 303(2)/317(2)/336(2)/336(3)/340(2)/317(4) बीएनएस कोतवाली जालौन जनपद जालौन
3. मु0अ0सं0 114/2026 धारा 317(2)/336(2)/336(3)/340(2)/317(4) बीएनएस थाना व जनपद जालौन
4. मु0अ0सं0 119/2026 धारा 303(2)/317(2) बीएनएस कोतवाली जालौन जनपद जालौन
5. मु0अ0सं0 420/2025 धारा 303(2) बीएनएस थाना नवाबाद झांसी जनपद झांसी
6. मु0अ0स0 301/2015 धारा 2/3 यू.पी. गुण्डा नियंत्रण अधि0 1970 थाना चुर्खी जनपद जालौन
7. मु0अ0स0 31/2019 धारा 60 आब0 अधि0 थाना चुर्खी जनपद जालौन
8. मु0अ0सं0 44/2019 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना चुर्खी जनपद जालौन
9. मु0अ0सं0 90/2020 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना चुर्खी जनपद जालौन
10. मु0अ0सं 03/2022 धारा 60 आबकारी अधि0 थाना चुर्खी जनपद जालौन
11. मु0अ0सं0 44/2022 धारा 60 आबकारी अधि0 थाना चुर्खी जनपद जालौन
12. मु0अ0सं0 79/2023 धारा 323/504/506 भादवि थाना चुर्खी जनपद जालौन
13. मु0अ0सं0 20/2024 धारा 60 आबकारी अधि0 थाना चुर्खी जनपद जालौन
14. मु0अ0सं0 01/2025 धारा 60 आबकारी अधि0 थाना चुर्खी जनपद जालौन
15. मु0अ0सं0 49/2018 धारा 379/411 भादवि थाना रामपुरा जनपद जालौन
16. मु0अ0सं0 52/2018 धारा 147/148/149/307 भादवि थाना रामपुरा जनपद जालौन
17. मु0अ0सं0 523/2012 धारा 401 भादवि थाना कोतवाली उरई जनपद जालौन
18. मु0अ0सं0 524/2012 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना कोतवाली उरई जनपद जालौन
19. मु0अ0सं0 757/2013 धारा 392 भादवि थाना कोटरा जनपद जालौन

बरामदगी का विवरण-

1. 01 अदद तमन्चा 315 बोर मय 02 ज़िंदा कारतूस व 02 खोखा कारतूस 315 बोर
2. एक अदद मोटरसाइकिल बजाज प्लेटिना UP-92-Y-6196(मु0अ0सं0 119/2026 कोतवाली जालौन से सम्बन्धित)

पुलिस टीम का विवरण-

1- प्रभारी निरीक्षक कोतवाली जालौन मय टीम

2- स्वाट/सर्विलांस टीम जनपद जालौन ।